# Police Station को Application

सेवा में ,
श्रीमान थाना प्रबंधक
नावाडीह (बोकारो )
विषय :- लड़ाई झगडे के सम्बन्ध में।
महोदय ,

सविनय निवेदन है कि मैं प्रभा देवी बाराडीह गांव की निवासी हूँ  और मैं जन वितरण प्रणाली की डीलर हूँ। मेरा कोई बेटा नहीं है तो मेरे साथ मेरा नाती और दामाद रहते है।

यह घटना है 4 /12 /2017  के रात्रि के 8 से 10 बजे तक की। मेरा भतीजा प्रकाश महतो , रात 8 बजे दारू पीकर घर आया और मेरे दामाद के गाडी को घसीटते हुए घर के बाहर निकाल दिया। और जब मैंने ऐसा कहा कि तुम क्यों ऐसा कर रहे हो , तब वह मुझे गाली - गलौज देता है और मेरी गर्दन  में हाथ रखकर कहता है की तुमको काट देंगे।

फिर मेरा नाती छुड़ाने आया तो उसको भी मारा और गाली गलौज करने लगा , मेरे दमाग से भी ठेल -ठाल किया और गाली देने लगा।

मेरा देवर नुनूचन्द महतो भी दारू पीकर मेरे घर वालों से लड़ाई -झगड़ा करने लगा और फिर उसका परिवार और पुतोहु सब हावी हो गए। वे  लोग कहते है तुमको गाडी रखने नहीं देंगे।

दरहसल बात कुछ और है , वे मेरे दामाद को देखना नहीं चाहते है और मेरा डीलरशिप और मेरी सारी जायदाद हथियाना चाहते है। इसको लेकर के वे लोग मुझे देखकर हमेशा टोन कसते है और अनाब सनाब कहते है।

ऐसी स्थिति में हमारा रहना मुश्किल हो गया है , मुझे डर लगता है कि  कब वे लोग आकर मुझे मार ना दें।

अतः आपसे निवेदन है कि आप कोई ठोस कदम उठाये ताकि मुझे और मेरे परिवार वालों को कोई परेशानी ना हो और कृपया मुझे शांति से रहने दें ।

आपका विश्वासी
प्रभा देवी।

गवाह :-